# <u>संदेश</u>

होली के शुभ अवसर पर, मैं देश-विदेश में रह रहे भारत के सभी लोगों को बधाई और शुभकामनाएं देती हूँ।

रंगों का यह त्योहार अपने साथ खुशियां और उत्साह लेकर आता है। यह त्योहार हमारे जीवन में सौहार्द और बंधुत्व की भावना को मजबूत करता है। होली के अनेक रंग विविधता में एकता की भावना को दर्शाते हैं। होली का यह पर्व अच्छाई की बुराई पर विजय का भी प्रतीक है। यह त्योहार सिखाता है कि हमें सबके प्रति प्रेम और सद्‌भाव बनाए रखना चाहिए।

मेरी कामना है कि यह पर्व आप सब के जीवन में समृद्‌धि और आनंद का संचार करता रहे।

***********